# चुनाव आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव स्थगित किया

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में 31 अगस्त, 2024 को भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India- ECI) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिये मतदान की तारीख को 1 अक्तूबर से बढ़ाकर 5 अक्तूबर कर दिया।

## मुख्य बिंदु:

- **तारीख परिवर्तन का निर्णय: भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India- ECI) ने हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिये** मतदान की तारीख 1 अक्तूबर से बढ़ाकर 5 अक्तूबर, 2024 कर दी है और **जम्मू-कश्मीर और हरियाणा दोनों विधानसभाओं** के लिये मतगणना की तारीख **4 अक्तूबर से बढ़ाकर 8 अक्तूबर** कर दी है।
- **परिवर्तन का कारण: बिश्नोई समुदाय** के **आसोज अमावस्या उत्सव** को ध्यान में रखते हुए तारीख में संशोधन किया गया, ताकि उन्हें उत्सव में भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति मिल सके।
    - **आसोज अमावस्या** मुख्य रूप से बिश्नोई समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण त्योहार है। इसमें उनके **गुरु जम्भेश्वर** की याद शामिल है और यह प्रतिवर्ष आसोज महीने के दौरान मनाया जाता है।
- **सामुदायिक प्रतिनिधित्व:** यह निर्णय **अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा** के प्रतिनिधित्व के बाद लिया गया, जिसमें बिश्नोई परिवारों द्वारा अपने वार्षिक उत्सव के लिये राजस्थान की यात्रा करने की परंपरा पर प्रकाश डाला गया, जो मूल मतदान तारीख यानी 2 अक्तूबर के साथ मेल खाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/election-commission-postponed-haryana-assembly-elections